समयबद्ध

उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग–4
संख्या–15/20/95–का–4–2011
लखनऊ : दिनांक : 03 मार्च, 2011

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

समसंख्यक शासनादेश/ परिपत्र दिनांक 28.10.2010 के द्वारा आपसे अनुरोध किया गया था कि सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2011 एवं सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2011 में सम्मिलित किये जाने वाले पदों के अधियाचन विलम्बतम दिनांक 15.11.2010 तक आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि आयोग द्वारा उक्त परीक्षाओं के विज्ञापन प्रकाशित कराये जा सकें ।

2. लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, द्वारा अवगत कराया गया है कि अभी तक मात्र उद्यान निरीक्षक, पूर्ति निरीक्षक, लेखा परीक्षक, आमोद और पणकर निरीक्षक एवं आबकारी निरीक्षक पदों के ही अधियाचन उन्हें उपलब्ध कराये गये हैं । उक्त के दृष्टिगत आपसे निम्नवत् अनुरोध है :–

(1) सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2011 एवं सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2011 में सम्मिलित किये जाने वाले समस्त पदों के अधियाचन विलम्बतम दिनांक 15.3.2011 तक लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराने का कष्ट करें । यदि प्रश्नगत परीक्षाओं में सम्मिलित करने हेतु रिक्तियां उपलब्ध नहीं हैं, तो भी तदानुसार लोक सेवा आयोग को उक्त तिथि तक अवगत कराने का कष्ट करें ।

(2) आयोग द्वारा सम्पादित की जाने वाली अन्य परीक्षाओं/ चयनों के अधियाचन भी यथाशीघ्र आयोग को प्रेषित करने का कष्ट करें ।

(3) विभिन्न चयनों/ परीक्षाओं के अधियाचनों के संबंध में आयोग द्वारा की जाने वाली पृच्छाओं/ संवीक्षाओं का उत्तर समयबद्ध रूप से आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

(अश्वनी कुमार सिंह)
विशेष सचिव

संख्या–15/20/95(1)–का–4–2011, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि, सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या–253(1)/3/ई–1/2010–2011, दिनांक 19.2.2011 के संबंध में सूचनार्थ प्रेषित ।

आज्ञा से,

(अश्वनी कुमार सिंह)
विशेष सचिव